**Hari Bhoomi, Delhi, 13/01/2026**
Page No: 10, Size: 10.56cm × 15.93cm

# गेल ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को दिया समर्थन

नई दिल्ली। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 के तहत देश व्यापी नॉनस्टॉप जिंदगी अभियान में भागीदारी की है। यह अभियान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड द्वारा चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पूरे देश में पाइप से मिलने वाली प्राकृतिक गैस और संपीड़ित प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देना है। यह अभियान प्राकृतिक गैस से जुड़े सभी प्रमुख पक्षों की एकजुटता को दर्शाता है, जो घरों, व्यापार, उद्योग और परिवहन क्षेत्र के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर ऊर्जा समाधान अपनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 का आयोजन 1 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जिसके तहत वर्ष 2030 तक देश की ऊर्जा खपत में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक बढ़ाई जानी है।